जब तक दमकल पहुंची, पांच दुकानें हो गईं खाक

नगरपालिका की लापरवाही उजागर

मंडला, देशबन्धु। विगत दिनों बस स्टैंड के पास हुई अग्नि दुर्घटना में एक बार फिर नगरपालिका की लापरवाही सामने आई है जो जन चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञात रहे कि दीपोत्सव के दूसरे दिन स्थानीय बस स्टैंड से कलेक्ट्रेट कालोनी मार्ग में स्थित अस्थाई कपड़ों की दूकानों में अचानक से आग भड़क उठी।जब तक कोई कुछ समझ पाता अथवा कारणों को समझ पाता तब तक सात में पांच दूकान आग के हवाले हो गई।

यद्यपि आसपास के लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया परन्तु वे न काफी थे। सूचना पाकर नगरपालिका परिषद का दमकल भी पहुंचा किन्तु वह आग के आखिरी सोपान पर ही काबू पा सका। जिससे पांच दूकान दारों को लाखों का नुकसान हो गया। आश्चर्य की बात यह थी कि घटना स्थल पर सिवाय सीएमओ के अन्य कोई अधिकारी नहीं देखा गया। आग लगभग आठ बजे लगना बताई जा रही है। दूकानदार लोग खाना खाने के लिए गये हुए थे।तभी यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि पहली दूकान जो बस स्टैंड के कार्नर पर है उसके पीछे थर्माकोल के खाली बास्केट पड़े हुए थे यह आग संभवतया वहीं से भड़की। आग लगने पर आनन फानन दमकल को खबर दी गई किन्तु

उसके आने तक पांच दूकानें आग में भस्म हो चुकी थीं।

जनमानस में यह चर्चा रही कि जब नगरपालिका दूकानों के लायसेंस की अच्छी खासी फीस वसूलती है तब वह दूकानों कि सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था क्यों नहीं करती। बताया जाता है कि आग जहां से शुरू हुई उस दूकान के पीछे थर्माकोल पड़ा हुआ था जो पालिका की सफाई व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यदि वहां पर सफाई हो गई होती तो थर्माकोल कचरे वाली गाड़ी में होता और इस घटना को टाला जि सकता था।परन्तु विडंबना है कि परिषद की लापरवाही दूकान दारों पर भारी पड़ गई। हालांकि पुलिस की भी जांच शुरू हो गई है। उसके क्या परिणाम सामने आएंगे उसकी प्रतीक्षा ही की जा सकती है। जिन दूकान दारों की दूकान आग के हवाले हुईं हैं वे पप्पू खान, शाहरुख खान,हमीद भाई,निजाम और राहुल झरिया हैं।

छाया-सुभाष नामदेव

अगले वर्ष कहां भरेंगी मंडला की मड़ई

मंडला, देशबन्धु। अंग्रजों के शासन काल से दीपावली के दो दिन बाद अर्थात् भाई दूज को मंडला जिले की पहली मड़ई नगर के विभिन्न स्थानों पर भर्ती रहीं तथा इसी परंपरा के अनुरूप इस वर्ष सहित पिछले कई वर्षों से इंदिरा जी वार्ड किलें में यह मड़ई भर्ती आ रही है। जिसमें जिलें के विभिन्न व्यापारी अपनी अपनी दूकान लगाकर लाखों का व्यापार करते आ रहे हैं। वहीं जिलें के यादव समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में बाजें गाजें के साथ चंडी नृत्य करते हुए मंडला मड़ई में स्थापित चंडी की पूजा एवं परिक्रमा कर मड़ई को मूर्तरूप देते हैं , इसी क्रम मे श्रद्धालुगण चंडी की परिक्रमा कर अपनी मान्यता रखकर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं, इसके बाद लगातार होली तक जिले के विभिन्न स्थानों में मड़ई मेला का क्रम जारी रहता है।

किले में जिस स्थान पर मंडला मड़ई भर रही है वहां पर शंकरशाह रघुनाथ शाह जन्म स्थली के नाम से भूमि आरक्षित कर दी गई है तथा शंकर शाह रघुनाथ शाह जन्म स्थली के सौंदर्यीकरण एवं प्रतिमा स्थापित करने हेतु आवश्यक प्लेटफार्म तथा बाउंड्री बाल निमार्ण कार्य प्रगति पर है। तथा आशा की जा रही है कि एक वर्ष के अंदर ही डीपीआर के अनुसार कार्य पूर्ण हो जावेगा तथा आगामी वर्ष में मंडला मड़ई हेतु पर्याप्त क्षेत्र किलें में उपलब्ध नहीं हो पायेगा, यहां यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मंडला मड़ई स्थानीय लोगों तथा यादव समाज के लिए आस्था मूलक विषय हैं तथा जिला एवं नगर प्रशासन को इस समस्या के समाधान हेतु प्रयास कर मंडला मड़ई हेतु नये स्थाई एवं उपयुक्त क्षेत्र की तलाश प्रारंभ की जानी चाहिए। छाया, सुभाष नामदेव मंडला

इनका कहना है

यादव समाज के द्वारा जिला प्रषासन को ज्ञापन दिया जायेगा कि स्थाईरूप से मण्डला मडई के लिए जगह दी जाये।

ललित यादव, ग्रामीण अध्यक्ष

सार-समाचार

रोल प्रेक्षक सात को मंडला जिले में आएंगे

मंडला, देशबन्धु। आयुक्त जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा ने बताया कि एक नवंबर 2024 को गोवर्धन पूजा का सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण मंडला जिले में रोल प्रेक्षक का प्रथम भ्रमण कार्यक्रम 7 नवंबर 2024 को संपन्न होगा।

बिछिया में खुले में मांस-मछली विक्रय पर चालानी कार्रवाई

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशानुसार एवं एसडीएम बिछिया सोलानी देव के मार्गदर्शन में बिछिया साप्ताहिक बाजार में खुले में मांस मछली विक्रय करने पर चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही अग्नि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे से तिरपाल और तंबू को हटाया गया। राजस्व विभाग एवं नगर परिषद बिछिया की टीम द्वारा माँस मछली विक्रेताओं को समझाइश दी गई कि मांस मछली को खुले में काटकर विक्रय ना

करें, ढक्कर रखें, साथ ही समस्त व्यापारी लाइसेंस बनवाएं और नियमों का पालन करें।

गोवर्धन पूजा पर विविध कार्यक्रम आयोजित, 56 भोग लगाए गए

हटा, देशबन्धु। अन्नकूट महोत्सव पर नगर में जगह-जगह विविध आयोजन किए गए जहां महिलाओं ने सुबह से गोबर से गोवर्धन पर्वत कृष्ण की मूर्तियां बनाई गई। इसके बाद पूजन अर्चन किया गया। जिसमें भगवान को सबसे प्रिय 56 भोग भी लगाए गए। इस महाभोग में भगवान के प्रिय मिष्ठान, फल मेवा और अनाज के विशेष पकवान बनाए गए जिन्हें श्रृद्धालुओं ने बड़े भाव से भगवान को अर्पित किए। यह 56 भोग भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्तों की असीम श्रद्धा का प्रतीक माना गया है, इसे अन्नकूट महोत्सव के दौरान जगह-जगह सजाया गया।

श्रीकृष्ण की बाल लीला की याद दिलाई गई-गोवर्धन पूजा का यह आयोजन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला को समर्पित था जिसमें उन्होंने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठा लिया था। यह पर्व भक्तों को न केवल श्रीकृष्ण की बाल लीला का स्मरण कराता है बल्कि हमें यह संदेश भी देता है कि भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इस आयोजन के दौरान भक्तों में श्रीकृष्ण के प्रति अगाध श्रद्धा और भक्ति का भाव स्पष्ट रूप से देखा गया। भगवान को 56 भोग अर्पित करने के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

रथ पर निकाली भगवान राम श्यामलिया की शोभायात्रा

हटा, देशबन्धु। देव श्री बालाजी मंदिर में विराजित देव राम श्यामलिया सरकार दीपावली के तीसरे दिन परंपरानुसार नगर भ्रमण पर निकलें। ताम्रकार समाज के पूर्वजों द्वारा स्थापित राम श्यामलिया भगवान को रथ पर सवार कर दोपहर में एक भव्य शोभायात्रा बालाजी मंदिर से निकाली गई जो रतन बजरिया, गौरीशंकर मंदिर होते हुए सिद्ध क्षेत्र गंगा झिरिया पहुंची, जहां भगवान ने विश्राम किया लोगों को दर्शन दिए। इसके बाद पुनः बालाजी मंदिर के लिए वापस हुए इसके पहले डीजे की धुन पर थिरकते युवा आगे चल रहे थे। पीछे छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा गरबा नृत्य किया जा रहा। इसके अलावा आकर्षक वेशभूषा में युवतियों द्वारा लेझम पर लयबद्ध प्रस्तुतियां दी जा रही थी। जिसे देखने लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। जगह-जगह भगवान राम श्यामालिया सरकार का पूजन आरती की गई। लोगों ने अपने-अपने घर के द्वार पर भगवान की भव्य अगवानी की। नगर भ्रमण कर भगवान जल विहार हेतु सिद्ध क्षेत्र गंगा झिरिया धाम पहुंचे जहां उनका पूजन आरती होकर विश्राम भी हुआ। गंगा झिरिया धाम में दीपावली की तीज को मेला भी लगता है।

संगठन पर्व की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

बूथ एवं मंडल के चुनाव को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

मंडला, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी की चल रहे हैं संगठन पर्व के तहत भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई इस अवसर पर चुनाव संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने संगठनात्मक विषयों को लेकर प्रदेश संगठन की कार्य योजना से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए कहा कि संगठन की लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत सभी स्तर के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे जिसमें जिला स्तर पर तय किए गए चुनाव पदाधिकारियो की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होगी उन्होंने कहा संगठन के तय कार्यक्रम के तहत समय सीमा पर चुनाव संपन्न किए जाएंगे जिसमें सभी मंडलो में सक्रिय सदस्यता के लक्ष्य का कार्य पूर्ण किया जाए।

इस अवसर पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का चुनाव कार्यक्रम के हर चरण को हम उत्सव के रूप में रेखांकित करेंगे बूथ से लेकर जिला तक के चुनाव में प्रदेश संगठन की गाइड लाइन के तहत कार्य करेंगे ,संगठन चुनाव को लेकर जिला संगठन द्वारा कार्यक्रम जारी किए जा रहे ,उन्होंने कहा कि जिले के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने संगठन पर्व में सदस्यता अभियान को प्रभावी रूप से पूरा किया सभी धन्यवाद के पात्र हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि बूथ चुनाव हेतु प्रभारी तय किए गए है इस अवसर भाजपा जिला महामंत्री व संगठन सह निर्वाचन अधिकारी उमेश ठाकुर , ,जिला महामंत्री भगवती श्रीधर,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर संजय कुशराम,मंडला नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा , सक्रिय सदस्यता जिला टोली सदस्य अंजनी तिवारी,नरेंद्र राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रतन ठाकुर सहित भाजपा जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष सहित अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

रपटाघाट में 12 नवंबर से मां नर्मदा की पंचचैकी महाआरती

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने घाट का निरीक्षण किया

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को माहिष्मति घाट (रपटाघाट) का निरीक्षण किया। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में 12 नवंबर 2024 से माँ नर्मदा जी की पंचचैकी महाआरती प्रारंभ की जाएगी। पंचचैकी महाआरती में जिले के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, श्रद्धालु और मंदिर समितियों के प्रमुख शामिल होंगे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में पंचचैकी महाआरती के लिए चैक बनाने के निर्देश दिए। जिससे पंचचैकी महाआरती सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में साफ-सफाई और प्रकाश का प्रबंध करने को कहा। नर्मदा नदी के तट पर स्थित घास और काई की भी साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका मंडला उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मवेशियों के झुंड पर दो भेड़ियों ने किया हमला, घायल गाय ने बचाई बछड़े की जान

दमोह, देशबन्धु। जंगल में शिकार करना और शिकार होना आम बात है, लेकिन यदि शिकार आंखों के सामने हो रहा हो और दो जानवरों में मुठभेड़ हो रही हो तो यह नजारा रोमांच भरा होता है। कुछ इसी तरह का नजारा रविवार को प्रत्यक्षदर्शियों के सामने आया, जिसे 400 मीटर की दूरी से उन्होंने इसे अपने कैमरे में कैद किया। दमोह जिले के मड़ियादो के जंगली नाला भदभदा के समीप भेड़ियों का एक जोड़ा मवेशियों के झुंड में पहुंच कर एक छोटे बछड़े को अपना शिकार बनाने के लिए उसे मां और गायों के समूह से अलग करना चाहते थे, ताकि शिकार आसानी से हो सके।

वह कभी समूह की गायों पर हमला कर रहे थे, तो कभी बछड़े का ध्यान भटकाकर गायों के झुंड से बाहर कर शिकार करने की लगातार कोशिश कर रहे थे, लेकिन गायों के झुंड की एकता भेड़ियों के जोड़े के मंसूबों पर लगातार पानी फेरने का काम कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शी भरत विश्वकर्मा ने बताया कि

करीब आधा सैकड़ा मवेशी जंगल की ओर से गांव की ओर तेजी से भाग रहे हैं। मवेशियों पर किसी खतरे को आशंका हुई और मवेशियों की ओर जाकर देखा तो दो भेड़िए मवेशियों के बीच घुस कर बछड़े का शिकार करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बछड़े की मां अपनी जान जोखिम में डालकर बच्चे को बचाने जद्दोजहद कर रही थी।

इस संघर्ष में मां घायल भी हुई, जिसे भेड़ियों के दांत लगने से खून बह रहा था, बछड़ा भी घायल था। इसके बाद भी मां बच्चे को बचाने पूरी कोशिश कर रही थी। मवेशियों के बीच एकता भी देखने मिली। जब मां और बच्चे की सुरक्षा मवेशियों के समूह में शामिल करीब आधा दर्जन गाय कर रही थी और वह भेड़ियों को सींग से खदेड़ रही थी। इस तरह से बछड़े का शिकार नहीं हो पाया और भेड़िए जंगल की ओर भाग गए।

एकादशी से मां नर्मदा की पंचचैकी महाआरती का होगा शुभारंभ

कलेक्टर ने गोलमेज सभाकक्ष में बैठक कर पंचचैकी महाआरती की समीक्षा की

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को गोलमेज सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में माँ नर्मदा जी की पंचचैकी महाआरती करने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समिति के द्वारा सर्वसहमति से पास किए गए प्रस्ताव अनुसार माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में पंचचैकी महाआरती का शुभारंभ एकादशी से प्रारंभ की जाएगी। पंचचैकी महाआरती में जिले के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, श्रद्धालुओं और नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। पंचचैकी महाआरती के लिए साउंड सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। आरती के लिए गानों का चयन किया जाएगा। स्क्रीन लगाई जाएगी, जिसमें संपूर्ण महाआरती प्रदर्शित होगी। पंचचैकी महाआरती का आयोजन करने के लिए पंडितों का समूह बनाकर उनकी वेशभूषा निर्धारित की जाएगी। आरती का सामान एवं प्रसाद की व्यवस्था ट्रस्ट के माध्यम से की जाएगी।

कोई भी श्रद्धालु पंचचैकी महाआरती का आयोजन कर सकेगा। इसके लिए उससे विधिवत रूप से शुल्क लिया जाएगा। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) से अतिक्रमण हटाकर दुकानें व्यवस्थित रूप से स्थापित की जाएगी। घाटों और मंदिरों का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाआरती माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में प्रतिदिन नियमित रूप से संपन्न की जाएगी। महाआरती का समय सर्दी के मौसम में सायंकाल 6:30 बजे और ग्रीष्मकाल में सायंकाल 7:30 बजे होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी नागरिक के लिए विशेष अवसरों पर महाआरती का खर्चा उठाकर महाआरती कराने की सुविधा रहेगी। समिति के द्वारा खर्च की जा रही राशि का आय-व्यय ब्यौरा रखा जाएगा। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बताया कि पंचचैकी महाआरती के आयोजन के लिए ट्रस्ट का निर्माण किया जाएगा। नर्मदा नदी में नहाने वाले व्यक्ति व श्रद्धालुओं को साबुन का उपयोग न करने, कपड़े न धोने तथा पूजन व दूषित सामग्री विसर्जन न करने की समझाईश दी जाएगी। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में सुरक्षा, पार्किंग एवं प्रकाश का प्रबंध किया जाएगा। माहिष्मति घाट (रपटाघाट) में नाम परिवर्तन का बोर्ड लगाया जाएगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्करों के मोबाइल फोन हैक

दमोह, देशबन्धु। जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक में आने वाले सर्रा सेक्टर की महिला बाल विकास के ग्रुपों से जुड़ी आंगनबाड़ी कार्यकताओं के मोबाइल फोन सोमवार सुबह हैक हो गए। उनके नंबरों से मैसेज दूसरे नंबरों पर जाने लगे। इन मैसजों को अन्य आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने देखा तो मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। इसके बाद साइबर सेल के हेल्पलाइन नंबर 1930 पर इसकी शिकायत दर्ज कराई।

अचानक फोन से मैसेज होने की जानकारी लगने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पता चला कि किसी ने उनके नंबरों को हैक करके उनके व्हाट्सएप को भी हैक कर लिया है। उनकी बिना जानकारी के व्हाट्सएप नंबर से दूसरे नंबर पर मैसेज जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि हम लोगों को दूसरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि आपके नंबरों से मैसेज ग्रुपों में आ रहे हैं। तब पता चला कि उनके नंबर हैक हो गए हैं, जो लिंक नंबरों से जा रही थी। उसमें पीएम आवास, पीएम किसान एपी के लिखकर आ रहा था। जिन नंबरों से मैसेस आ रहे हैं उसके बाद वह डिलीट भी हो जाते थे।

सर्रा सेक्टर की सुपरवाइजर पूजा ठाकुर ने बताया कि यह बात सही है। सर्रा सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के नंबरों से एक ही लिंक ग्रुपों में आ रहे हैं। मैंने जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि उन्होंने कोई लिंक ग्रुपों में नहीं भेजा। लगातार वही लिंक आ रही थी। फिर उन आंगनबाड़ी कार्यकताओं के नंबरों को ग्रुप से तत्काल लेफ्ट कराया और उनकी शिकायत टोल फ्री नंबर 1930 पर दर्ज कराई है।